# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रमाणित)

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)


गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र)

**Website :** www.hindivishwa.org

# विद्या-परिषद की

# 43वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | : | 07 नवंबर, 2022 (सोमवार) |
| समय | : | पूर्वाह्न 11.00 बजे |
| स्थान | : | महादेवी वर्मा सभागार<br>विश्वविद्यालय परिसर, वर्धा |



# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

## विद्या–परिषद के 43वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| **दिनांक** | : | 07.11.2022 (सोमवार) |
| **समय** | : | पूर्वाह्न 11.00 बजे |
| **स्थान** | : | महादेवी वर्मा सभागार, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |


| मद सं. | विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| | विद्या–परिषद की 42वीं बैठक के कार्यवृत्त की संपुष्टि | 3 |
| | विद्या–परिषद की 42वीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुसरण में की गई अनुवर्ती कार्रवाई। | |
| 1. | एक साथ दो अकादमिक पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश। | 4 |
| 2. | अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई के साथ हुए समझौता ज्ञापन के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त टिप्पणी। | 5 |
| 3. | दीक्षांत समारोह का आयोजन तथा मानद डी.लिट. उपाधि प्रदान करना। | 6 |
| 4. | विभिन्न विद्यापीठों के स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार। | |
| 4. (2) | संस्कृति विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 25वीं बैठक का कार्यवृत्त। | |
| 4. (3) | शिक्षा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 12वीं बैठक का कार्यवृत्त। | 7 |
| 4. (4) | प्रबंधन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 08वीं बैठक का कार्यवृत्त। | |
| 4. (5) | साहित्य विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त। | |
| 4. (6) | अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त। | |
| 4. (7) | भाषा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 22वीं बैठक का कार्यवृत्त। | |
| 5. | अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।<br>1. मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 19वीं बैठक का कार्यवृत्त।<br>2. चयन समिति में विभागों से प्रस्तावित नामों का चयन।<br>3. महाराष्ट्र की स्थानीय विशिष्टता को स्थान देने के संबंध में समीक्षा **(Review)** हेतु समिति का गठन।<br>4. प्राइवेट पी.एच.–डी. के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रावधानों के आलोक में संस्तुति देने के संबंध में।<br>5. हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग को दो विभागों में विभाजन | 8–9 |

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

## विद्या–परिषद की 43वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| **स्थान** | : | **महादेवी वर्मा सभागार, तुलसी भवन विश्वविद्यालय परिसर, वर्धा** |
| **दिनांक** | : | **07 नवंबर, 2022(सोमवार)** |
| **समय** | : | **पूर्वाह्न 11:00 बजे** |

---

विद्या–परिषद की 43वीं बैठक कुलपति की अध्यक्षता में दिनांक 07.11.2022 (सोमवार) को पूर्वान्ह 11.00 बजे साहित्य विद्यापीठ के महादेवी वर्मा सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति थी:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल | कुलपति एवं अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल | प्रतिकुलपति<br>अधिष्ठाता : भाषा विद्यापीठ<br>अध्यक्ष : अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा अध्ययन विभाग |
| 3. | प्रो. चंद्रकांत एस. रागीट | प्रतिकुलपति<br>अध्यक्ष : भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग |
| 4. | प्रो. एल. कारूण्यकरा | अधिष्ठाता : संस्कृति विद्यापीठ<br>निदेशकः डॉ. बा.सा. अंबेडकर सि.का.मुर्मू दलित एवं जनजाति अ.केंद्र<br>निदेशक : भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र |
| 5. | प्रो. कृष्ण कुमार सिंह | अधिष्ठाता, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ<br>विभागाध्यक्ष, अनुवाद अध्ययन विभाग<br>विभागाध्यक्ष, प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग |
| 6. | प्रो. अनिल कुमार राय | अधिष्ठाता : मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ<br>विभागाध्यक्ष, मानव विज्ञान विभाग<br>विभागाध्यक्ष, इतिहास और समाज शास्त्र विभाग |
| 7. | प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर | अधिष्ठाता, शिक्षा एवं प्रबंधन विद्यापीठ<br>विभागाध्यक्ष, शिक्षा तथा मनोविज्ञान विभाग |
| 8. | प्रो. चतुर्भुज नाथ तिवारी | अधिष्ठाता, विधि विद्यापीठ<br>विभागाध्यक्ष, विधि विभाग |
| 9. | प्रो. वृषभ प्रसाद जैन | प्रोफेसर, भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग |
| 10. | प्रो. अनिल कुमार पाण्डेय | प्रोफेसर, भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग |

कादर नवाज़
07/11/22

| | | |
|---|---|---|
| 11. | प्रो. फरहद मलिक | प्रोफेसर, मानव विज्ञान विभाग |
| 12. | प्रो. शिरीष पाल सिंह | प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता, छात्र कल्याण |
| 13. | प्रो. कृपाशंकर चौबे | विभागाध्यक्ष, जनसंचार विभाग |
| 14. | प्रो. प्रीति सागर | विभागाध्यक्ष, हिंदी साहित्य विभाग |
| 15. | प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी | विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग |
| 16. | डॉ. रामानुज अस्थाना | विभागाध्यक्ष, तुलनात्मक साहित्य विभाग |
| 17. | डॉ. एच.ए.हुनगुंद | कार्यकारी अध्यक्ष, भाषाविज्ञान विभाग |
| 18. | डॉ. रविंद्र टी. बोरकर | विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग |
| 19. | डॉ. मनोज कुमार राय | विभागाध्यक्ष, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग |
| 20. | डॉ. ओमप्रकाश भारती | विभागाध्यक्ष, प्रदर्शनकारी कला विभाग |
| 21. | डॉ. सुप्रिया पाठक | विभागाध्यक्ष, स्त्री अध्ययन विभाग **(ऑनलाइन)** |
| 22. | डॉ. जयंत उपाध्याय | विभागाध्यक्ष, दर्शन एवं संस्कृति विभाग **(ऑनलाइन)** |
| 23. | प्रो. टी.वी कट्टिमणि | बाह्य–विशेषज्ञ **(ऑनलाइन)** |
| 24. | डॉ. प्रकाश सी. बर्तूनिया | बाह्य–विशेषज्ञ |
| 25. | प्रो. नमिता निम्बालकर | बाह्य–विशेषज्ञ **(ऑनलाइन)** |
| 26. | डॉ. उमेश कुमार सिंह | एसोशिएट प्रोफेसर, हिंदी साहित्य विभाग |
| 27. | डॉ. के. बालराजू | कुलानुशासक एवं निदेशक, वर्धा समाज कार्य संस्थान |
| 28. | डॉ. राकेश कुमार मिश्रा | एसोशिएट प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग |
| 29. | डॉ. शंभू जोशी | एसोशिएट प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय |
| 30. | डॉ. सुनील कुमार | सहायक प्रोफेसर, हिंदी साहित्य विभाग |
| 31. | डॉ. चित्रा माली | सहायक प्रोफेसर, क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता **(ऑनलाइन)** |
| 32. | डॉ. राजेश लेहकपुरे | सहायक प्रोफेसर, जनसंचार विभाग |
| 33. | डॉ. मैत्रेयी घोष | पुस्तकालयाध्यक्ष |
| 34. | डॉ. ओम प्रकाश प्रजापति | भूतपूर्व विद्यार्थी प्रतिनिधि |
| 35. | डॉ. अजय कुमार सिंह | भूतपूर्व विद्यार्थी प्रतिनिधि |
| 36. | श्री गौरव कुमार | छात्र प्रतिनिधि |
| 37. | श्री क़ादर नवाज़ ख़ान | कुलसचिव एवं पदेन सचिव |
| 38. | श्री पी. सरदार सिंह | वित्त अधिकारी (स्थायी आमंत्रित) |

शेष सदस्य अपरिहार्य कारणवश बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

कादर नवाज़
07/11/22

| विद्या–परिषद के सहयोग के लिये अधोलिखित अधिकारी उपस्थित रहे : | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुशील पखिडे | सहायक कुलसचिव |
| 2. | श्री राजेश अरोड़ा | सहायक कुलसचिव |
| 3. | श्री विनोद वैद्य | सहायक कुलसचिव |
| 4. | श्री के.के. त्रिपाठी | सहायक कुलसचिव |

बैठक का आरंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ।

## विद्या–परिषद की 42वीं बैठक के कार्यवृत्त की संपुष्टि

विद्या–परिषद की दिनांक 25.06.2022 को संपन्न 42वीं बैठक के कार्यवृत्त की प्रति विद्या–परिषद के सभी सम्माननीय सदस्यों को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित की गई थी। इस संबंध में कोई टिप्पणी अथवा सुझाव प्राप्त न होने के आलोक में विद्या–परिषद ने कार्यवृत्त की पुष्टि की।

## विद्या–परिषद की 42वीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुसरण में की गई अनुवर्ती कार्रवाई।

विद्या–परिषद की दिनांक 25.06.2022 को संपन्न 42वीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुसरण में निम्नलिखित कार्रवाई की गई है :

| मद संख्या | कृत कार्रवाई |
|---|---|
| 1 | **अध्यादेश क्रमांक 8, अध्यादेश क्रमांक 9, 11 और 12 में संशोधन।**<br>विद्या–परिषद के अनुमोदन के उपरांत इसे कार्य–परिषद की दिनांक 29.06.2022 को संपन्न 74वीं बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया था। कार्य–परिषद द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान की। |
| 2 | **"भाषा साहित्य एवं संस्कृति केंद्रित पराविद्या उच्च शोध एवं ज्ञान सृजन केंद्र" एवं "वर्धा समाज कार्य संस्थान" की स्थापना के लिए निर्मित अध्यादेश।**<br>अधिसूचना क्रमांक 006/Estt./A.T./74/2022/1441 दिनांक 26.08.2022 तथा 006/Estt./A.T./74/2022/1443 दिनांक 26.08.2022 के माध्यम से अधिसूचित किया गया है। |

**निर्णय : विद्या–परिषद ने की गई कार्रवाई का संज्ञान लिया।**

कादर नवाज़
07/11/22

मद संख्या–1

**एक साथ दो अकादमिक पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2022 के अंतर्गत सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अर्ध शासकीय क्रमांक 1–6/2007(CPP-II) (NEW) दिनांक 13 अप्रैल 2022 के माध्यम से निम्नलिखित उद्देश्यों को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों को एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रमों में अध्ययन करने की अनुमति प्रदान करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके महत्वपूर्ण उद्देश्य निम्नानुसार हैं :

- विद्यार्थी की अद्वितीय क्षमताओं को पहचानना और बढ़ावा देना, इसके द्वारा प्रत्येक छात्र के समग्रता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों के साथ–साथ माता–पिता को भी संवेदनशील बनाना
- विद्यार्थी का शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक दोनों क्षेत्रों में विकास कराना;
- कला और विज्ञान की पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों के बीच, व्यावसायिक और शैक्षणिक धाराओं आदि में कोई कठिन अलगाव नहीं है उन क्षेत्रों के बीच हानिकारक पदानुक्रमों को समाप्त करना
- विज्ञान, सामाजिक विज्ञान में बहुविषयकता और समग्र शिक्षा, एक बहु–विषयक दुनिया के लिए कला, मानविकी और खेल, सभी ज्ञान विधिओं की एकता और अखंडता सुनिश्चित करना;
- किसी व्यक्ति को उसके रुचि अनुरूप एक या अधिक विशिष्ट क्षेत्रों का गहन अध्ययन करने में सक्षम बनाना, स्तर, और चरित्र, नैतिक और संवैधानिक मूल्यों का विकास करना, बौद्धिक जिज्ञासा, वैज्ञानिक स्वभाव, रचनात्मकता, सेवा की भावना को जागरूक कराना।

एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रमों में अध्ययन करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देश विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

**निर्णय : विद्या–परिषद ने चर्चा के उपरांत एक साथ दो अकादमिक पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश को यथारूप स्वीकार करने का निर्णय लिया।**

कादर नवाज़
07/11/22

मद संख्या–2

**अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई के साथ हुए समझौता ज्ञापन के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त टिप्पणी।**

विश्वविद्यालय के अधिनियम क्रं. 22 के तहत वर्णित लक्ष्यों की प्राप्ति के तहत शोध एवं अन्य अकादमिक गतिविधियों के आदान प्रदान के लिए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा और अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई के बीच अनुबंध किया गया है।

विद्या–परिषद की दिनांक 25.04.2022 को संपन्न बैठक में मद संख्या 9 के तहत अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत उस संस्था द्वारा संचालित किये जाने वाले पाठ्यक्रमों को दूर शिक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय में चलाये जाने से संबंधित प्रस्ताव को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया था।

इस प्रस्ताव को वित्त समिति की दिनांक 28.06.2022 को संपन्न 37 वीं बैठक की मद संख्या 8 के तहत अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया था और वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अवलोकनार्थ प्रेषित किया गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पत्र No. F. 37-8/2022(CU) Computer No. 111976 दिनांक 07.10.2022 के माध्यम से वित्त समिति की 37 वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अपने Comments प्रेषित किये गये हैं। अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई के साथ हुए समझौता ज्ञापन के संबंध में प्राप्त Comments निम्नानुसार है :

| Item No. | Agenda Item | UGC Comments |
|---|---|---|
| 37.8 | Any other item with the approval of the Chair<br>"Regarding MoU signed by the Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya (MGAHV) with Akhil Bharatiya Gandharva Mahavidyalaya, Mumbai with the degree of Distance Education, MGAHV" | UGC is not agreed with the recommendation of Finance Committee of the University for signing the MoU with Akhil Bharatiya Gandharva Mahavidyalaya, Mumbai is not recognized institute under Section 2(f) and 12B of the UGC Act, 1956. Further, for starting of any degree course under distance education, University has to obtain the prior approval of the Distance Education Bureau of UGC. |

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त पत्र विद्या–परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था।

**निर्णय : विद्या–परिषद ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त टिप्पणी का संज्ञान लिया और अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई के साथ हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार उल्लिखित पाठ्यक्रमों को नियमित रूप में संचालित करने का निर्णय लिया।**

कादर नवाज़
07/11/22

मद संख्या–3

**दीक्षांत समारोह का आयोजन तथा मानद डी.लिट. उपाधि प्रदान करना।**

विश्वविद्यालय के परिनियम–30 के अंतर्गत दीक्षांत समारोह की व्यवस्था एवं अध्यादेश–7 के तहत विश्वविद्यालय का छठवाँ दीक्षांत समारोह दिनांक 08.01.2023 को वर्धा में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। छठें दीक्षांत समारोह में मानद डी.लिट. उपाधि प्रदान किये जाने से संबंधित प्रस्ताव विद्या–परिषद के समक्ष चर्चा हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय : अध्यक्ष ने दीक्षांत समारोह के आयोजन के संबंध में विद्या–परिषद को जानकारी दी तथा भारतीय भाषा, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्वानों को दीक्षांत समारोह में मानद डी.लिट. उपाधि प्रदान करने के लिए नाम प्रस्तावित करने का अनुरोध किया गया। चर्चा उपरांत विद्या–परिषद ने निम्नांकित विद्वानों के नामों में से मानद डी.लिट. उपाधि हेतु चयन के लिये कार्य–परिषद के अनुमोदन हेतु प्रस्तावित करने का निर्णय लियाः**

1. **श्री कृष्णबिहारी मिश्र**
2. **डॉ. मारूति चित्तमपल्ली**
3. **श्री रमेश पतंगे**
4. **श्री राम भद्राचार्य**
5. **श्री भीखु भाई इदाते**
6. **श्री शिव निर्मोही**

मद संख्या– 04

**विभिन्न विद्यापीठों के स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार।**

**1. विधि विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की दूसरी बैठक का कार्यवृत्त।**

विश्वविद्यालय के विधि विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की दूसरी बैठक दिनांक 26.08.2022 को संपन्न हुई। स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार हेतु स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

**निर्णय : विधि विद्यापीठ में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से दो वर्ष उपरांत ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये जाने के निर्णय के साथ विद्या–परिषद ने चर्चा के उपरांत स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों को स्वीकृति प्रदान की गयी।**

क़ादर नवाज़ 07/11/22

## 2. संस्कृति विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 25वीं बैठक का कार्यवृत्त

विश्वविद्यालय के संस्कृति विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 25वीं बैठक दिनांक 17.10.2022 को संपन्न हुई। स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार हेतु स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

**निर्णय : स्कूल बोर्ड के कार्यवृत्त में से मद संख्या 6 के संबंध में ली गई कानूनी राय से विद्या–परिषद को अवगत कराया गया और शोधार्थी को शोध प्रबंध जमा करने के लिए निश्चित अवधि देने के संबंध में निर्णय लेने हेतु कुलपति को अधिकृत किया। स्कूल बोर्ड के कार्यवृत्त के शेष मदों में की गई संस्तुतियों को विद्या–परिषद ने स्वीकृति प्रदान की गयी।**

## 3. शिक्षा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 12वीं बैठक का कार्यवृत्त

विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 12वीं बैठक दिनांक 03.11.2022 को संपन्न हुई। स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार हेतु स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

**निर्णय : विद्या–परिषद ने चर्चा के उपरांत स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों को स्वीकृति प्रदान की गयी।**

## 4. प्रबंधन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 8वीं बैठक का कार्यवृत्त।

विश्वविद्यालय के प्रबंधन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 8वीं बैठक दिनांक 13.10.2022 को संपन्न हुई। स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार हेतु स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

**निर्णय : विद्या–परिषद ने चर्चा के उपरांत स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों को स्वीकृति प्रदान की गयी।**

## 5. साहित्य विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त।

विश्वविद्यालय के साहित्य विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की बैठक दिनांक 05.11.2022 को संपन्न हुई। स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार हेतु स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

**निर्णय : विद्या–परिषद ने चर्चा के उपरांत स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों को स्वीकृति प्रदान की गयी।**

**6. अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त।**

विश्वविद्यालय के अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड बैठक दिनांक 05.11.2022 को संपन्न हुई। स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार हेतु स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

**निर्णय : विद्या–परिषद ने चर्चा के उपरांत स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों को स्वीकृति प्रदान की गयी।**

**7. भाषा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 22वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

विश्वविद्यालय के साहित्य विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 22वीं बैठक दिनांक 06.11.2022 को संपन्न हुई। स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार हेतु स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

**निर्णय : विद्या–परिषद ने चर्चा के उपरांत स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों को स्वीकृति प्रदान की गयी।**

मद संख्या–5

**अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय**

**1. मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 19वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 19वीं बैठक दिनांक 17.10.2022 को संपन्न हुई। स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार हेतु स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

**निर्णय : विद्या–परिषद ने चर्चा के उपरांत स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों को स्वीकृति प्रदान की गयी।**

**2. चयन समिति में विभागों से प्रस्तावित नामों का चयन।**

विश्वविद्यालय के विभागों में स्थायी पदों पर नियुक्ति हेतु चयन समिति में विभागों द्वारा प्रस्तावित नामों में से पैनल के लिए नाम चयनित करने हेतु कुलपति को अधिकृत किया गया।

3. महाराष्ट्र की स्थानीय विशिष्टता को स्थान देने के संबंध में समीक्षा (Review) करने के लिए समिति गठित करने के लिए कुलपति को अधिकृत किया गया।

कादर नवाज़
07/11/22

4. प्रायवेट पी.एच.–डी. के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रावधानों के आलोक में संस्तुति देने हेतु विद्या–परिषद ने कुलपति को अधिकृत किया।

5. विश्वविद्यालय के द्वारा निर्गत अधिसूचना क्रमांक 006/Estt./A.T./71/2022/225 दिनांक 01.02.2022 के अनुसार साहित्य विद्यापीठ के हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग को कार्य–परिषद द्वारा स्वीकृत पुनर्व्यवस्था के तहत हिंदी विभाग के रूप में पुनर्गठित किया गया था। साथ ही 006/Est./2010/5-4//Vol. V/1199 दिनांक 19.07.2022 के माध्यम से हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग को हिंदी साहित्य विभाग के रूप में दर्शाया गया है।

   उपर्युक्त नाम के संबंध में हो रहे भ्रम को दूर करते हुए यह स्पष्ट किया गया कि हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग को दो विभागों में विभाजित किया गया है–तुलनात्मक साहित्य विभाग एवं हिंदी साहित्य विभाग।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

क़ादर नवाज़ 07/11/22

**(क़ादर नवाज़ ख़ान)**

**कुलसचिव एवं पदेन सचिव : विद्या–परिषद**

**म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा**